
विदिशा के जंगल से गौवंश पिकअप में ठूंसकर कसाईखाने ले जा रहे थे

- बजरंग दल ने पकड़ा, आठ जीवित एक मृत गौवंश बरामद
- तीन गिरफ्तार, पिकअप जब्त





मृत पशु का कराया पोस्टमार्टम, आठ गौशाला भेजे

पुलिस की मौजूदगी में गोवंश को वाहन से बाहर निकलवाया गया। मृत गोवंश का पंचनामा तैयार कर पशु चिकित्सा अधिकारी से पोस्टमार्टम कराया गया। जीवित मिले आठ गौवंश को सुरक्षित जीवदया गौशाला पहुंचाया गया। इस मामले में पुलिस ने पिकअप चालक 18 वर्षीय लक्की राठौर निवासी ग्राम धर्मपुरी, थाना सांवेर, जिला इंदौर और उसके दो साथियों विजय भाडवा व विजय सिसोदिया को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ गौवंश का अवैध परिवहन एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः विदिशा के जंगलों से गौवंश पकड़कर पिकअप में भरने के बाद उन्हें देवास के बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। इस दौरान मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब दो बजे सूखी सेवनिया टोल टैक्स के पास बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस ने वाहन को रोक लिया। तलाशी में पिकअप के भीतर ठूंसकर ले जाए जा रहे नौ गौवंश मिले। इनमें आठ जीवित थे, जबकि एक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने वाहन जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

सूखी सेवनिया थाना पुलिस के अनुसार 18 नवंबर की रात बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि विदिशा की तरफ से आ रही एक लोडिंग पिकअप में अवैध रूप से गाय-बैल ले जाए जा रहे हैं। उन्होंने इस बात की सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम और कार्यकर्ता विदिशा रोड स्थित टोल टैक्स के पास पहुंचे और संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी ली। वाहन में नौ गौवंश रस्सियों से बुरी तरह से जकड़े हुए मिले। पूछताछ में पता चला कि गौवंश को कटने के लिए देवास के बूचड़खाना ले जाया जा रहा था।

बदमाशों ने बकरा कारोबारी से दिनदहाड़े 18 लाख लूटे

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः ईंटखेड़ी थाना इलाके में मंगलवार सुबह बदमाशों ने एक बकरा कारोबारी से मारपीट कर 18 लाख रुपये लूट लिए। यह सनसनीखेज वारदात चौरसिया ढाबा के पास हुई। नकदी लूटने के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गए। इस संबंध में पुलिस कुछ संदेहियों से पूछताछ कर रही है। ईंटखेड़ी थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने बताया कि निशातपुरा क्षेत्र में रहने वाले मुबीन खान बकरा कारोबारी हैं। वह अलग-अलग क्षेत्रों से बकरे खरीदकर उन्हें अपने ट्रक से चेन्नै ले जाकर बेचते हैं। मुबीन ने बताया कि उसे शुजालपुर से बकरे खरीदना थे। इसके लिए मंगलवार सुबह वह बैग में 17 लाख 90 हजार रुपये लेकर बाइक से निकले थे। उन्हें लांबाखेड़ा बायपास रोड स्थित बालाजी ढाबा के पीछे बने यार्ड में खड़े अपने ट्रक के पास जा रहे थे। ट्रक लेकर उन्हें शुजालपुर जाना था। सुबह सात बजे वह लांबाखेड़ा ब्रिज के पास पहुंचे थे, तभी दो बाइक पर चार युवक उनके पास आए और बाइक लापरवाही से चलाने का कहते हुए झगड़ा करने लगे। जब तक वह कुछ समझ पाते चारों ने हाथापाई करते हुए उनसे रुपयों से भरा बैग छीन लिया और भाग निकले। मुबीन की शिकायत के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ लूट का अपराध दर्ज कर लिया है। इस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस की चार टीम बनाकर अलग-अलग स्थानों पर आरोपियों की तलाश के लिए रवाना की गई हैं।

न्यू मार्केट के विकास के लिए व्यापारियों ने सौंपे चार ज्ञापन

आयुक्त ने दिए निरीक्षण के निर्देश



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः न्यू मार्केट के सुव्यवस्थित विकास, व्यापार संरक्षण और ग्राहक सुविधाओं को लेकर न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार को चार ज्ञापन सौंपे। आयुक्त ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त चंचलेश और भुवन गुप्ता को तत्काल स्थल निरीक्षण के निर्देश दिए।

व्यापारियों की प्रमुख मांगों में दुकानों का 30 वर्ष का किराया अनुबंध, मार्केट के चारों ओर दोपहिया एवं पिंक पार्किंग दोबारा शुरू करना और वर्ष 2006 से घोषित नो हॉकर्स जोन को सख्ती से लागू करना शामिल है। समिति ने हॉकर्स को टीटी नगर हाट बाजार में शिफ्ट करने की मांग भी की।

इसके अलावा श्री गणेश चौक के सौंदर्यीकरण, आपातकालीन वाहनों के लिए ऑटोमेटिक बोलार्ड गेट, सीसीटीवी कैमरे, पिक एंड ड्रॉप पॉइंट, एलईडी स्क्रीन और आधुनिक सुविधाएं विकसित करने का प्रस्ताव दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सतीश गंगराड़े, सचिव पवन वरदानी और उपाध्यक्ष अजय देवनानी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। समिति ने न्यू मार्केट को स्वच्छ, सुरक्षित और सर्वसुविधायुक्त बिजनेस जोन बनाने की आवश्यकता जताई।

पत्नी के साथ गांव जा रहा युवक ट्रेन से गिरा, मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर रेलवे ट्रैक पर चलती ट्रेन से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। सोमवार शाम में वह पत्नी के साथ ललितपुर, उत्तरप्रदेश जा रहा था। जनरल कोच में सफर के दौरान वह गेट के पास सामान लेकर खड़ा था। इस दौरान उसका सामान ट्रेन से बाहर गिरने लगा। उसे संभालने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया था। मंगलवार सुबह उसका शव भानपुर में रेल पटरी किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ।

छोला मंदिर थाना पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय दीपक उर्फ संजू पिता नत्थू कुशवाह कमला नगर इलाके में रहता था। वह मजदूरी करता था। सोमवार शाम वह अपनी पत्नी के साथ ललितपुर, उत्तर प्रदेश जाने के लिए ट्रेन से निकला था। जनरल कोच में भीड़भाड़ होने के कारण दंपती गेट के पास खड़े थे। उनके पास बोरी में कपड़े और अन्य सामान था। भानपुर के पास दीपक के हाथ में रखी बोरी गेट से नीचे गिरने लगी। बोरी संभालने के दौरान संतुलन बिगड़ने वह बोरी सहित नीचे गिर गया। पत्नी ने शोर मचाया, लेकिन रफ्तार में होने के कारण ट्रेन काफी आगे निकल गई। ट्रेन के सूखीसेवनिया स्टेशन पहुंचने पर दीपक की पत्नी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने उसकी तलाश की, लेकिन तब उसका कुछ भी पता नहीं चला। बाद में जीआरपी और आरपीएफ को भी दीपक की तलाशी में लगाया गया। मंगलवार तड़के दीपक का शव भानपुर में रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों से बरामद हो गया। चलती ट्रेन से गिरने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी।

शराब की लत को लेकर होता था विवाद, पुताई ठेकेदार ने फांसी लगाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः गांधी नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार- बुधवार की दरमियानी रात एक युवक ने फांसी लगा ली। तलाशी के दौरान पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उसे शराब पीने की लत थी,जिसके चलते घर में आए दिन विवाद होता रहता था। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक बिजली ऑफिस के पीछे गांधी नगर निवासी 24 वर्षीय सुनील उर्फ दीपक पुत्र भंवरलाल अहिरवार पुताई ठेकेदार था। बुधवार सुबह चार बजे परिवार के लोगों ने सुनील को फांसी पर लटके देखा। वे उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती पूछताछ में पुलिस को पता चला कि सुनील को शराब पीने की आदत थी। नशे की हालत में वह आए दिन परिवार के सदस्यों से विवाद करता था। मंगलवार रात भी वह शराब पीकर घर लौटा था। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया था। संभवत: इस वजह से ही उसने खुदकुशी कर ली।

ज्ञानवृद्धि के साथ ही रचनात्मक क्षमता को निखारने का मंच है युवा उत्सव : डॉ. अग्रवाल



नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में तीन दिवसीय युवा उत्सव के दूसरे दिन बुधवार को कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती वंदना के साथ हुई। संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय सहभागिता करने तथा अपनी छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शैलजा दुबे ने अनुशासन, लगन एवं परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपने जीवन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास एवं दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना आवश्यक है। युवा उत्सव के दूसरे दिन कार्टूनिंग, नाट्य (थिएटर), नृत्य एवं गायन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएँ हुईं। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक सोच एवं कल्पनाशीलता का परिचय दिया। जिसमें महक कुरैशी ने प्रथम, सिद्धि जाटव ने द्वितीय तथा महेंद्र कुमार बरपाटे ने तृतीय स्थान हासिल किया। नाट्य प्रतियोगिता में समर्थ गिरि गोस्वामी ने प्रथम एवं अक्षांश सिंह कछवाहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी अभिनय प्रतिभा का परिचय दिया।

होटल व्यवसाय में विधवा महिला का साझेदार दुष्कर्म के बाद करने लगा था मारपीट

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः पति की मौत के बाद महिला ने रोजगार के लिए होटल का व्यवसाय चुना। इस दौरान इंटरनेट पर मित्र बने व्यक्ति ने उसे कारोबार में साथ देने का झांसा देकर साझेदारी कर ली। कुछ दिन बाद ही उसने शादी करने का भरोसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर वह मारपीट भी करने लगा। महिला की शिकायत पर शाहपुरा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

शाहपुरा थाना पुलिस के मुताबिक 49 वर्षीय महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसमें बताया कि वर्ष-2011 में उसकी पति की मौत हो गई थी। उसके पास पैतृक संपत्ति रहने के कारण उसने स्वयं का रोजगार करने का इरादा बनाया। इस दौरान इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उसका परिचय अभिषेक चौधरी नाम के व्यक्ति से हुआ। उसने जब कारोबार शुरू करने के बारे में अभिषेक की राय ली, तो उसने अपनी तरफ से होटल व्यवसाय में साझेदार बनने का प्रस्ताव दिया। सहमति बनने पर उन्होंने शाहपुरा क्षेत्र में एक होटल लीज पर लेकर व्यवसाय शुरू कर दिया।

महिला ने पुलिस को बताया कि 25 दिसंबर 2025 ने होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर अभिषेक ने कहा कि वह जल्द ही उसके साथ शादी कर लेगा। इस घटना के कुछ दिन बाद ही जब उसने शादी के लिए दबाव बनाना शुरू कर किया, तो अभिषेक पहले तो उसे मानसिक रूप से परेशान करने लगा। बाद में मारपीट भी करने लगा। परेशान होकर महिला ने थाने की शरण ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मूलत: रायसेन निवासी अभिषेक चौधरी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकाने का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है।


कानपुर की महिला ने दुपट्टे में गांठ बांधकर छिपा रखी थी एमडी ड्रग्स

नप्र, भोपाल : पुलिस की मादक पदार्थों की धरपकड़ मुहिम जारी है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच ने वीआईपी गेस्ट हाउस के पीछे एक निर्माणाधीन मकान के पास से एक महिला तस्कर को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। वह कानपुर की रहने वाली है। उसने अपने दुपट्टे में गांठ बांधकर एमडी ड्रग्स छिपा रखी थी। क्राइम ब्रांच के मुताबिक मंगलवार को मुखबिर से पता चला कि वीआईपी गेस्ट हाउस के पास एक महिला मादक पदार्थ की खेप लेकर ग्राहक का इंतजार कर रही है। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस टीम ने महिला को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके गले में डले दुपट्टे में बंधी गांठ को संदेह के आधार पर खुलवाया गया। उसमें एक पारदर्शी प्लास्टिक की पन्नी में पीले रंग का पाउडरनुमा पदार्थ मिला। उसके बारे में पूछने पर उसने पदार्थ को एमडी ड्रग्स बताया। मादक पदार्थ का वजन 4.66 ग्राम पाया गया। आरोपी की पहचान कानपुर निवासी 33 वर्षीय साजिया पुत्री स्व.मेहबूब आलम के रूप में हुई। वर्तमान में वह भोपाल में एयरपोर्ट रोड स्थित पॉश इंद्रविहार कॉलोनी में रहती है। एमए तक शिक्षित स्वयं को पत्रकार बताती है। उसके नेटवर्क का पता लगाने के लिए पुलिस ने उसका मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट कर फरार था बकरा, गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः गांधी नगर इलाके में छह माह पहले आधी रात को घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, मारपीट करने के मामले में फरार जाकिर उर्फ बकरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

गांधीनगर थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि 1-2 अप्रैल की दरमियानी रात लगभग ढाई बजे जाकिर उसके घर में जबरन घुस आया था और अभद्रता करने लगा था। उसने और उसकी भाभी ने विरोध किया तो जाकिर और उसका साथी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए थे। इस मामले में पुलिस ने



आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस टीम को जाकिर का साथी तो मिल गया था,लेकिन जाकिर तभी से पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जाकिर अपने घर आने वाला है। इस आधार पर पुलिस टीम ने 40 वर्षीय मोहम्मद जाकिर उर्फ जाकिर बकरा निवासी मकान नंबर 674, ओल्ड सैफिया कॉलेज के पीछे, शाहजहांनाबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

नौकरी बहाली की मांग को लेकर कोविड योद्धाओं का प्रदर्शन, अब जिलों में होगा आंदोलन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कोरोना महामारी के दौरान मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले कोविड योद्धाओं ने नौकरी पर दोबारा बहाली की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। बुधवार को प्रदेशभर से आए सैकड़ों आयुष चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट और पैरामेडिकल कर्मचारियों ने भोपाल के नीलम पार्क में प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने अब जिला स्तर पर भी आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार, वे 5 अक्टूबर से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल और अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी सहित वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कोविड काल में सेवाएं देने वाले अस्थायी कर्मचारियों की बहाली और रोजगार सुरक्षा के लिए ठोस नीति बनाने की मांग रखी। संघ का कहना है कि सरकार ने इस दिशा में विचार करने और प्रक्रिया आगे बढ़ाने की बात कही है।



संघ के मुताबिक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने 11 नवंबर को सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र जारी कर तीन दिन में कोविड कर्मचारियों की जानकारी मांगी थी। हालांकि, कई जिलों से अब तक जानकारी नहीं भेजी गई है। अब कर्मचारी जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन कर लंबित जानकारी भेजने की मांग करेंगे।

प्रदेश संयोजक डॉ. अंकित असाटी ने बताया कि कोरोना काल में करीब दो साल सेवाएं देने के बाद हजारों कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया। इससे उनके सामने रोजगार और परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। आंदोलन के दौरान 31 यूनिट रक्तदान भी किया गया। कर्मचारियों ने कहा कि लिखित आश्वासन और बहाली की ठोस नीति बनने तक नीलम पार्क में अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

नामदेव महाराज के जन्मोत्सव पर कल सुंदरकांड पाठ होगा

नप्र, भोपाल : संत शिरोमणि नामदेव महाराज का जन्मोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ भी किया जाएगा। नामदेव विकास परिषद, मध्य प्रदेश के कमल किशोर नामदेव ने बताया कि कार्यक्रम संस्था के प्रधान कार्यालय सामुदायिक भवन जवाहर चौक स्थित संत नामदेव मंदिर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नामदेव गाडरवारा तथा प्रांतीय एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय समाज जन भी सम्मिलित होंगे। कमल किशोर नामदेव, राम भरोसे नामदेव, महेंद्र सिंह नामदेव,सरिता वर्मा, वीरेंद्र नामदेव आदि ने कहा है कि समाज बंधुओं से कहा है कि वे इस पावन अवसर पर आराध्य संत नामदेव जी महाराज के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके भक्ति, प्रेम, समरसता एवं मानवता के संदेश को आत्मसात करें।

बस चालक-परिचालकों से अड़ीबाजी करने के मामले में मजिस्ट्रेट गिरफ्तार

बदमाश पर पहले से दर्ज हैं 30 मामले

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जवाहरचौक से मंडीदीप के बीच चलने वाली नगर वाहन सेवा की बसों के चालक-परिचालकों से अड़ीबाजी कर रुपये वसूलने वाले गिरोह के सदस्य यासीन रेडियो उर्फ मजिस्ट्रेट को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कुछ चालक एवं बस मालिकों ने सोमवार शाम मंगलवारा थाने एवं बागसेवनिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से 30 अपराध विभिन्न थानों में दर्ज हैं। गिरोह के फरार सदस्यों की तलाश की जा रही है।

मंगलवारा थाना पुलिस के मुताबिक उधर सोमवार शाम बाग फरहत आफजा निवासी 36 वर्षीय अनवर खान बस ऑपरेटर शिवदयाल चौकसे, सुरेश कुमार साहू, अजय कुमार त्रिपाठी, असलम खान, मनोज चौरसिया के



साथ मंगलवारा थाने पहुंचा था। उसने बताया था कि वह भोपाल के जवाहर चौक से मंडीदीप के बीच चलने वाली बस का चालक है। इस रूट पर चलने वाली सभी बसों से यासीन रेडियो उर्फ मजिस्ट्रेट, नसीम ब्रेकर, शानू, शादाब नाम के बदमाश अवैध वसूली करते हैं। अड़ीबाजी का विरोध करने पर मारपीट करने पर उतारू होने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हैं। 10 नवंबर की शाम साढ़े छह बजे भारत टॉकीज चौराहा पर यासीन मजिस्ट्रेट और उसके साथियों ने मेरे साथ और एक अन्य बस के चालक से रुपये मांगे। मना करने पर हम लोगों के साथ मारपीट की गई। इस गिरोह के लोग आए दिन शराब पीकर बसों से डरा-धमकाकर वसूली करते हैं। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी, मारपीट का केस दर्ज किया गया था। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर

इन्द्रा नगर पुलिस चौकी के सामने टीलाजमालपुरा में रहने वाले 27 वर्षीय मोहम्मद यासीन उर्फ मजिस्ट्रेट पुत्र रईस रेडियो को गिरफ्तार कर लिया गया। वर्तमान में वह बरखेड़ी, जहांगीराबाद में चर्च के पीछे किराए के मकान में रह रहा था। इस गिरोह के अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

दादाजी धाम मंदिर में आँवला नवमी पर महिलाओं ने किया पूजन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रायसेन रोड स्थित पटेल नगर के दादाजी धाम मंदिर में बुधवार को आंवला नवमी का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दादाजी धाम परिवार की 100 से अधिक महिलाओं ने आंवला वृक्ष का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि, सौभाग्य और आरोग्य की कामना की।

श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया कि आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल नवमी से कार्तिक पूर्णिमा तक भगवान विष्णु का आंवले के वृक्ष में वास माना जाता है। इस दिन वृक्ष की पूजा और उसकी छाया में भोजन करने का विशेष महत्व है।आयोजन में महिलाओं ने आंवला वृक्ष के समीप पूजन सामग्री अर्पित कर पूजा-अर्चना, आरती और भोग लगाया। इसके बाद वृक्ष की 108 परिक्रमाएं कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। महिलाओं ने वृक्ष की छाया में सामूहिक भोजन भी किया।

मास्टर प्लान के विरोध में उतरे 78 गांवों के किसान, आंदोलन की चेतावनी

- भोजताल संरक्षण क्षेत्र में जमीन का उपयोग बदलने से नाराजगी
- बोले- खेती और निर्माण पर लगी रोक से प्रभावित होंगे पांच लाख लोग



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल के प्रस्तावित मास्टर प्लान के प्रारूप को लेकर भोपाल और सीहोर जिले के 78 गांवों के किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसानों का आरोप है कि बड़े तालाब के संरक्षण के नाम पर उनकी कृषि भूमि का उपयोग बदलने से खेती और निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लग जाएगा। इससे करीब पांच लाख किसान और उनके परिवार प्रभावित होंगे।

बुधवार को भी सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से कृषि भूमि का उपयोग कृषि ही रखने और भोजताल संरक्षण क्षेत्र से गांवों को मुक्त करने की मांग की। किसानों का कहना है कि बिना जमीनी निरीक्षण और सीमांकन के 78 गांवों का भूमि उपयोग बदल दिया गया है।

खजूरी के किसान विवेक खंडेलवाल ने कहा कि कोलांस नदी के दायरे में आने वाले 16 नालों का सीमांकन किए बिना संरक्षण के नियम बनाए गए हैं। वहीं किसानों ने सुनवाई प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है।

किसान अनोखी सिंह पटेल ने भोजताल संरक्षण क्षेत्र के जोन-1 और जोन-2 को हटाकर कृषि भूमि का उपयोग यथावत रखने की मांग की है।